हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 13 मई 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 टोनही कहकर महिला से मारपीट, 4 पर जुर्म दर्ज



फन वर्ल्ड
डिज़्नीलैण्ड मेला
सह मीना बाजार 2025
स्थान: कला केन्द्र मैदान, घड़ी चौक, अम्बिकापुर
समय: शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक
विदेशी जलपरियों का मनमोहक प्रदर्शनी

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## तबीयत बिगड़ने के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कराया गया था भर्ती

# प्रेमी ने युवती को जबरन खिलाई गर्भपात की दवा, उपचार के दौरान गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- अस्पताल में भर्ती कराने के बाद भागा युवक

प्रेम प्रसंग के दौरान गर्भवती हुई युवती को प्रेमी युवक ने जबरन गर्भपात की दवा खिला दी। दवा खाने से युवती का गर्भपात तो हो गया लेकिन उसकी तबीयत बिगड़ गई। युवती की तबीयत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवती की मौत के बाद परिजन ने मोहल्ले के एक युवक पर आरोप लगाया है और कार्रवाई की मांग की है। इधर इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच जारी है।

बताया जा रहा है कि कोतवाली थाना अंतर्गत रहने वाली 22 वर्षीय युवती को 11 अप्रैल की दोपहर लगभग 1.30 बजे अचानक पेट में दर्द हुआ तो उसकी बहन युवती को लेकर अस्पताल जाने के लिए निकली थी। इस दौरान युवती की मदद करने के नाम पर मोहल्ले का युवक गोलू विश्वकर्मा और उसका मामा मनोज विश्वकर्मा भी युवती के साथ हॉस्पिटल गए। युवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया तो उसकी स्थिति को देखते हुए नर्स ने ब्लड की व्यवस्था करने की बात कही जिसके बाद गोलू विश्वकर्मा और उसका मामा मनोज ब्लड की व्यवस्था करने के नाम पर हॉस्पिटल से निकले लेकिन वापस नहीं लौटे। इस दौरान स्थिति की तबीयत बिगड़ता देख युवती की बहन ने मां को फोन कर जानकारी दी। युवती की मां जब अस्पताल पहुंची तो नर्स ने उसे बताया कि युवती गर्भवती थी और 5 महीने का गर्भ होने के बाद गर्भपात के लिए दवा खिलाई गई है और इसी से उसकी तबीयत बिगड़ी है।

अस्पताल में नर्स द्वारा दी गई जानकारी के बाद परिजन के होश उड़ गए। इस दौरान युवती का अस्पताल में उपचार किया जा रहा था लेकिन इलाज के दौरान शाम 5.7 बजे युवती ने दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है।


पीएम कक्ष के सामने मौजूद परिजन।

### मारपीट कर जबरन खिलाई दवा

युवती की मां का कहना है कि गोलू विश्वकर्मा अपने मामा मनोज विश्वकर्मा के घर रहता था और उसका प्रेम प्रसंग मृतिका से था। इस दौरान युवक ने उसे गर्भवती कर दिया और फिर उसपर गर्भपात का दबाव बना रहा था। जब युवती नहीं मानी तो उसे छत पर ले जाकर मारपीट की गई और जबरन गर्भपात की दवा मामा-भांजा ने मिलकर खिलाई थी। महिला का आरोप है कि गोलू विश्वकर्मा ना खुद युवती से शादी कर रहा था और ना ही उसकी शादी दूसरे से होने दे रहा था। महिला ने इस मामले में जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### बिना पर्ची दे रहे दवा

इस मामले में सबसे बड़ी बात यह है कि शहर सहित जिलेभर में दवा दुकान संचालकों द्वारा बिना चिकित्सक की पर्ची के ही लोगों को गर्भपात की दवा दी जा रही है। इसके साथ ही नर्सिंग होम्स में भी बेखौफ होकर गर्भपात कराए जाते है। इसलिए समय समय पर नवजात के शव मिलते रहते है। लोगों को आसानी से मेडिकल स्टोर में भी गर्भपात की दवाएं मिल रही है लेकिन दवा दुकान संचालकों और नर्सिंग होम्स पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### होगी कार्रवाई

घटना की जानकारी मिली है। मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी सरगुजा

# रामगढ़ पहाड़ी पर घूमने आई बच्ची गिरी 150 फीट गहरी खाई में, बाल-बाल बची

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांडड़गांव/अम्बिकापुर

- तीन घंटे तक चले रेस्क्यू के बाद निकाला गया बाहर, लगातार हो रही घटनाएं

रामगढ़ पहाड़ में हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे है। सोमवार को एक बार फिर परिवार के साथ रामगढ़ पहाड़ घूमने आई 11 साल की बच्ची लगभग 150 फीट गहरी खाई में गिर गई। घटना पहाड़ी के चंदनमाटी में हुई। बंदरों के हमले से बचने के दौरान बच्ची का पैर फिसल गया और वह खाई में गिर गई। गनीमत रही कि उंचाई से गिरने के बाद भी बच्ची सही सलामत है। इस दौरान घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व प्रशासन की टीम द्वारा एसडीआरएफ की मदद से तीन घंटे तक रेस्क्यू अभियान चलाकर बच्ची को बाहर निकाला गया। फिलहाल बच्ची को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना ने एक बार फिर से पर्यटन स्थल में लोगों की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन के इतंजाम की पोल खोल दी है।

बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम डुमरिया निवासी 11 वर्षीया बेबी राजवाड़े आ. तुलेश्वर राजवाड़े सोमवार को अपने परिवार के सदस्यों के साथ रामगढ़ पहाड़ी घूमने और मंदिर दर्शन करने के लिए आई हुई थी। इस दौरान बच्ची और उसके परिजन सुबह 9 बजे रामगढ़ पहाड़ के चंदनमाटी स्थित तालाब के पास घूम रहे थे। बच्ची ने अपने हाथ नारियल रखी हुई थी और संभवतः नारियल देखकर ही बंदरों ने बच्ची पर हमला किया। इस दौरान बंदरों से बचने के लिए बच्ची पीछे हटी तो वह सीधे लगभग 150 फीट गहरे खाई में गिर गई। गनीमत रही की बच्ची झाड़ियों और पेड़ की बेलों से फंसते हुए नीचे गई जिससे उसकी जान बच गई लेकिन वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बच्ची के खाई में गिरने की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में हडकंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर के साथ ही पुलिस व प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। इधर घटना के बाद विधायक राजेश अग्रवाल भी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को जल्द से जल्द बच्ची का रेस्क्यू करने के निर्देश दिए। घटना के बाद रामगढ़ समिति और स्थानीय लोगों द्वारा एसडीआरएफ की टीम के साथ मिलकर रेस्क्यू अभियान चलाया गया। इस दौरान लगभग 3 घंटे तक कड़ी मशक्कत के बाद बच्ची को बाहर निकाला गया। बच्ची को रेस्क्यू करने के एंबुलेंस की सहायता से उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। फिलहाल बच्ची की हालत सामान्य बताई जा रही है।


घायल बच्ची।

### डेढ़ महीने के भीतर दूसरी घटना

रामगढ़ पहाड़ी में बंदरों के हमले से बच्ची के खाई में गिरने की यह पिछले डेढ़ महीने के भीतर दूसरी घटना है। इसके पहले 3 अप्रैल को रघुनाथपुर निवासी 7 वर्षीया नाव्या साहू आ. मिथलेश साहू भी बंदरों के हमले से बचने के दौरान खाई में गिर गई थी। जबकि पूर्व में एक दिव्यांग भी खाई में गिर चुका है। इन घटनाओं के बाद भी रामगढ़ में आने वाले पर्यटकों के लिए सुरक्षा के इंतजाम जिला प्रशासन द्वारा नहीं किए गए है। सीढ़ियों और पहाड़ के किनारे रेलिंग की कोई व्यवस्था नहीं है। इसके साथ ही बिजली पानी का भी आभाव है। रामगढ़ की सीढियां भी आधी अधूरी और खतरनाक है। इसके साथ ही पहाड़ में बंदरों की मौजूदगी है। ऐसे में इन क्षेत्रों में चेतावनी वाले संकेतक भी नहीं लगाए गए है ताकि लोग खाने पीने वाली सामग्रियों को लेकर उस ओर ना जाए।

## खबर संक्षेप



### असामाजिक तत्वों ने जेसीबी में लगाई आग

**अंबिकापुर।** जिले के दरिमा क्षेत्र में अज्ञात लोगों ने एक जेसीबी वाहन को आग के हवाले कर दिया। घटना में जेसीबी मशीन जलकर खाक हो गई। फिलहाल इस मामले की शिकायत पुलिस से नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि पत्थलगांव क्षेत्र से एक जेसीबी मशीन को दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम धनौरा में किसी काम के लिए लाया गया था। इस दौरान सोमवार की देर रात अज्ञात असामाजिक तत्वों ने जेसीबी मशीन में आग लगा दी। जेसीबी मशीन में आग लगाने के बाद बदमाश भाग निकले। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद डायल 112 और दमकल की टीम मौके पर पहुंची थी। दमकल की टीम द्वारा आग पर काबू पाया गया लेकिन जेसीबी मशीन जलकर खाक हो गई। इधर इस घटना को लेकर अब तक थाने में सूचना नहीं दी गई है।

### भारी वाहन परिवर्तित मार्गों से कर सकेंगे आवागमन

**अम्बिकापुर।** केन्द्रीय मंत्री के सरगुजा प्रवास के दौरान भारी वाहनों के शहर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके साथ ही पुलिस प्रशासन ने वाहनों के आवागमन हेतु मार्ग परिवर्तित किया है। इस दौरान मनेन्द्रगढ़ रोड, बनारस रोड की ओर से आने वाले सभी यात्री बसे एवं अन्य फोर व्हीलर वाहन डायवर्ट मार्ग सांई मंदिर तिराहा, महापौर मार्ग, रावत रेसीडेंसी तिराहा, कन्या परिसर मोड़, कन्या परिसर रोड़ होते हुये गंगापुर मोड़ मासूम अस्पताल के पास रिंग रोड़, बस स्टैण्ड होते हुये अपने-अपने गन्तव्य स्थान की ओर जाएंगे। प्रतापपुर, बलरामपुर-रामानुजगंज की ओर से आने वाले यात्री बसे एवं अन्य फोर व्हीलर वाहन अपने निर्धारित मार्ग से ही नया बस स्टैण्ड तक आयेंगे। बस स्टैण्ड से बलरामपुर-रामानुजगंज की ओर जाने वाले यात्री बसें बिलासपुर चौक, भारतमाता चौक, सदभावना चौक, चांदनी चौक, लरंगसाय चौक, प्रतापपुर चौक से होकर जायेगी। रायगढ़, बिलासपुर की ओर से बस स्टैण्ड आने वाली सभी यात्री बसें बिलासपुर चौक, भारतमाता चौक, सदभावना चौक, चांदनी चौक, लरंगसाय चौक की ओर से होकर आयेगी।

### बाइक भिड़ंत में एक युवक की मौत, दो घायल

**अम्बिकापुर।** ओडगी थाना अंतर्गत पालकेवरा निवासी निवासी रामकुमार बडोरिया 10 मई की रात पिता व साला के साथ बाइक क्रमांक सीजी 16 सीएस 3787 से शादी घर से भोजन कर रात को वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही बाइक सवार खाम्हाजोर जंगल के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 15 सीबी 6411 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर चोट लगने से राम कुमार की मौत हो गई जबकि उसके पिता व साला गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की रिपोर्ट परिजन ने ओड़गी थाने में दर्ज कराई।

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- केक काटकर मनाई खुशियां, मरीजों की बेहतर सेवा के लिए किया प्रोत्साहित

सोमवार को अंतरराष्ट्रीय नर्सेस दिवस राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ द्वारा केक काटकर खुशियां मनाई गई जबकि नर्सिंग स्टाफ को मरीजों की बेहतर सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

बता दें कि 12 मई को देशभर में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या, सिविल सर्जन डॉ. जेके रेल्वानी शामिल हुए। अतिथियों ने दीप प्रजल्वित कर फ्लोरेंस नाइटेंगल के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया 1 उपस्थित समस्त नर्सिंग स्टाफ द्वारा केक काट कर उनका जन्म दिवस मनाया गया। नर्सिंग स्टाफ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई । कार्यक्रम के दौरान अस्पताल अधीक्षक डॉ आरसी आर्या ने नर्सेज की भूमिका के बारे में बताते हुए इनके द्वारा मरीजों के लिए सेवा किए गए कार्यों की सराहना की तथा नर्सो को सेवा भाव से निरंतर मरीजों की सेवा करने एवं अपने जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया एवं शुभकामनाएं दी। नर्सेस डे के इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. जेके रेलवानी द्वारा भी समस्त नर्सेस की कार्यों एवं जिम्मेदारियों की सराहना करते हुए उन्हें निरन्तर सेवा भाव से कार्य करने के लिए उत्साहित किया एवं शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान चिकित्सालय के सहायक अस्पताल अधीक्षक डॉ. जीके दामले, डॉ. मनोज भारती, डॉ. अर्पण सिंह चौहान, अस्पताल सलाहकार स्वस्ति शुक्ला, प्रभारी मैट्रन सुश्री चंद्रशीला लाल, डायटिशियन श्रीमती सुमन सिंह, सहित चिकित्सालय के अन्य समस्त नर्सिंग स्टाफ, अधिकारी एवं कर्मचारी रहे।



### ट्रेन की टक्कर से गंभीर वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** रेलवे फाटक को पार कर रहा वृद्ध ट्रेन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन वृद्ध को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ थाना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6 मौहार पारा निवासी भास्कर खटीक आ. स्व. रेवालाल खटीक (77 वर्ष) 10 मई की शाम लगभग 7.30 बजे झगराखाड रेलवे फाटक को पार कर रहा था। इसी दौरान ट्रेन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को मनेन्द्रगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां सोमवार की दोपहर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## ट्रेलर से टकराया पिकअप, चालक समेत दो घायल



**लखनपुर।** सोमवार को एनएच 130 पर तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर ट्रेलर व्वाहन से टकरा गया। इस दुर्घटना में पिकअप चालक समेत दो लोगों को चोट आई है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि अंबिकापुर के मणिपुर थाना अंतर्गत ग्राम लब्जी निवासी 25 वर्षीय सुभाष पैकरा आ. तेजपाल पैकर सोमवार को पिकअप क्रमांक यूपी 64 बीटी 5780 से जा रहा था इस दौरान देर शाम 7 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 130 पर रजपुरी कला में चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और पिकअप चलते हुए ट्रेलर से टकरा गया। दुर्घटना में पिकअप चालक समेत दो लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना डायल 112 को दी गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम द्वारा घायलों को बाहर निकालकर उपचार के लिए लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इस दुर्घटना में चालक सुभाष पैकरा को मामूली चोट आई है जबकि वाहन में सवार अनिल नामक युवक को सिर में गंभीर चोट आई है। ऐसे में गंभीर युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है। पुलिस द्वारा इस घटना की जांच की जा रही है।

# केन्द्रीय मंत्री शिवराज आज सरगुजा में, प्रदेश की जनता को देंगे आवास की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- पीजी कॉलेज मैदान में होगा मोर आवास मोर अधिकार का भव्य कार्यक्रम

देश के केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को सरगुजा जिले के प्रवास पर आ रहे है। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान सरगुजा जिले के साथ ही प्रदेश की जनता को मोर आवास मोर अधिकार अभियान के तहत करोड़ो रूपए की सौगात देंगे। केन्द्रीय मंत्री हितग्राहियों को पीएम आवास की चाबी सौंपने के साथ ही प्रदेश को नए पीएम आवास की सौगात देंगे। इसके साथ ही उनके साथ प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय और अन्य मंत्री कार्यक्रम में शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री के आगमन को जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा बड़े पैमाने पर तैयारियां की गई है। पीएम आवास के कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम स्थल पीजी कॉलेज मैदान में विशाल पंडाल का निर्माण कराया गया है जिसमें लगभग 70 हजार लोगों की बैठक व्यवस्था की गई है।

बता दें कि देश के केन्द्रीय मंत्री ग्रामीण विकास एवं कृषि, किसान कल्याण विभाग शिवराज सिंह चौहान 13 मई को मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सरगुजा आ रहे है। केन्द्रीय मंत्री के कार्यक्रम को लेकर लम्बे समय से जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां की जा रही है। कार्यक्रम स्थल पीजी कॉलेज मैदान में विशाल पंडाल का निर्माण कराया गया जहां 70 हजार लोगों की बैठक व्यवस्था की गई है। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और पीएम जनमन के आवास हितग्राहियों को खुशियों की चाबी देंगे तथा आवास प्रारंभ करने वाले हितग्राहियों का भूमिपूजन कर उन्हें आवास स्वीकृति पत्र प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में मंत्री श्री चौहान राज्य में नवनिर्मित 51 हजार पीएम आवास हितग्राहियों का गृह प्रवेश करवाएंगे तथा सरगुजा सम्भाग अंतर्गत निर्मित प्रधानमंत्री जनमन सड़कों का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्व. सहायता समूह की दीदियों, कैडर दीदी, लखपति दीदियों को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे। वहीं अति विशिष्ट अतिथि के रूप केंद्रीय राज्य मंत्री आवास एवं शहरी मामले तोखन साहू, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, डिप्टी सीएम विजय शर्मा तथा अरुण साव उपस्थित रहेंगे। केन्द्रीय मंत्री के कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी हो गई है। सोमवार को संभागायुक्त नरेंद्र कुमार दुग्गा व आईजी दीपक झा ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लेकर अधिकारियों को कार्यक्रम व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।


कार्यक्रम हेतु तैयार विशाल डोम।

भावपूर्ण श्रद्धांजलि



चतुर्थ पुण्यतिथि के पावन अवसर पर
हम श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं
डॉ. एन. एच. फिरदौसी जी
(जन्म: ०१ फरवरी १९४१ | निर्वाण: १३ मई २०२१)
"अच्छे लोग कभी भी हमारे बीच से जाते नही,
वो अपनी प्रेरणा, कर्म और विचारों में अमर हो जाते हैं।"
आपका स्नेह, सेवा और समर्पण भाव हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा।
आपकी अनुपस्थिति एक खालीपन है,
लेकिन आपकी यादें हमारे दिलों में हमेशा जीवित रहेंगी।
आपको विनम्र श्रद्धांजलि
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल

## खबर संक्षेप



### गौ माता के सम्मान में जमदेई से निकाली गई गौरव रथ यात्रा

**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषण सिंह पटेल के मार्गदर्शन में गौ ग्राम जन जागरण यात्रा की शुरुआत सोमवार को कान्हा गौशाला केंद्र जमदेई से हुई। यह गौरव रथ यात्रा 14 मई तक चलेगी और इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ में गौ आधारित जैविक खेती, गौ माता का संरक्षण और गौ सम्मान की पुनर्स्थापना करना है।उक्त यात्रा केवल एक धार्मिक या सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति का बीजारोपण मानी जा रही है, जो लोगों को उनकी जड़ों से जोड़ने और प्रकृति संग संतुलन बनाने की प्रेरणा देती है। विशेष रूप से सजाए गए गौरव रथ पर छत्तीसगढ़ के लोक महापुरुषों और गौ माता के प्रतीकों के साथ यह रथ जब ग्राम जमदेई से रवाना हुई, तो वहां उपस्थित लोगों ने फूलों की वर्षा से यात्रियों का स्वागत किया। इस यात्रा में धर्म जागरण विभाग के प्रांत प्रचारक राज कुमार चंद्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहे। साथ ही कान्हा गौशाला केंद्र जमदेई के अध्यक्ष अनिल राजवाड़े और सामाजिक कार्यकर्ता मनोज पाण्डेय भी उपस्थित रहे। गौरव रथ यात्रा जमदेई से शुरू होकर ग्राम पेंडरखी, कोरेया, आमापारा, कंदरई, और रतनपुर जैसे ग्रामों से गुजरी। इसका प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में गौ-वंश आधारित कृषि को पुनर्जीवित करना,विलुप्त होती देसी गौ नस्लों का संरक्षण करना तथा गौ माता को केवल पूजन की नहीं, पालन की आवश्यकता के रूप में समाज में पुनः स्थापित करना है।

### कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण दिए निर्देश

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक के



दौरान कलेक्टर ने राजस्व विभाग से जुड़े कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम जनता से संबंधित सभी राजस्व प्रकरणों का त्वरित एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि लंबित मामलों का शीघ्र समाधान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने फौती नामांतरण, भूमि अधिग्रहण, सीमांकन, डायवर्सन, त्रुटि सुधार, बंदोबस्त, खसरा व नक्शा त्रुटि सुधार, अविवादित एवं विवादित नामांतरण, बंटवारा, भूमि आबंटन, जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, पटवारी उपलब्धता, अभिलेख दुरुस्तीकरण, भू-राजस्व वसूली, भू-अर्जन प्रकरणों में मुआवजा भुगतान तथा वन अधिकार पट्टा जैसे विषयों की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व कार्यों में पारदर्शिता रखते हुए प्रक्रियाओं को तेज गति से पूर्ण करें। लोगों को सरल, त्वरित और सुचारू सेवाएं प्रदान करना प्रशासन का दायित्व है और इसके लिए सभी कार्यों को समयबद्ध रूप से निपटाया जाए। कलेक्टर ने सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविरों का भी विशेष उल्लेख करते हुए निर्देश दिए कि इन शिविरों में प्राप्त अविवादित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए।

## सड़क पर बह रहा नाली का गंदा पानी

# नगर पंचायत क्षेत्र की नालियों की हालत बदहाल, दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नगर पंचायत क्षेत्र के अधिकांश वार्ड की नालियों की हालत बदहाल हो चुकी है। आलम यह है कि साफ-सफाई नहीं होने से गंदा पानी नाली में न सिर्फ बज बजा रही है बल्कि गंदा पानी सड़क पर बहने लगा है। गंदा पानी सड़क पर बहने से लोगों को आने जाने में दिक्कत होती है साथ ही दुर्गंध से लोग परेशान है। हैरानी की बात यह है कि नगर पंचायत को स्वच्छता अभियान के तहत ओडीएफ का दर्जा मिला है जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है।

**खास बात**

- स्वच्छता अभियान और ओडीएफ का तमगा बना मजाक

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत भारत को स्वच्छ और खुले में शौच मुक्त ओडीएफ बनाने की मुहिम को जहां सरकार हर मंच से बढ़ावा दे रही है। इसी कड़ी में प्रतापपुर नगर पंचायत को ओडीएफ घोषित किया गया है लेकिन नगर पंचायत क्षेत्र के नालियों की तथा खुले स्थान पर कचरा के ढेर कुछ और ही कहानी बयां करती है। प्रतापपुर नगर पंचायत के बस स्टैंड वार्ड सहित नगर पंचायत के कई जगहों पर जगह-जगह रोड किनारे नाली की बदहाली आसानी से देखी जा सकती है। कहीं नाली की ढक्कन टूटे हुए है तो कहीं नाली का गंदा पानी सड़क पर बढ़ रहा है। ऐसा नहीं है कि क्षेत्र के लोगों ने नालियों की साफ-सफाई करने वार्ड पार्षद सहित नगर पंचायत के अधिकारियों से शिकायत नहीं की है बावजूद इसके इस ओर ध्यान नहीं देने से क्षेत्र के लोग गंदा पानी व दुर्गंध के बीज आवागमन करने को मजबूर है वहीं नगर के व्यस्ततम क्षेत्र बस स्टैंड में क्षेत्र की हालत इन दावों की पोल खोल रही है।



नाली से बहता गंदा पानी।

### नगर पंचायत क्षेत्र घोषित है ओडीएफ

क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में साफ-सफाई कम होती है। साफ-सफाई उस समय की जाती है जब त्यौहार हो या किसी वीआईपी का आगमन होने की स्थिति में नाली की सफाई से लेकर सड़क पर झाड़ू लगती है। जबकि नगर पंचायत क्षेत्र स्वच्छता अभियान में ओडीएफ का दर्जा प्राप्त है। नगर को तो ओडीएफ घोषित कर दिया गया है। ओडीएफ टीम नियमित रूप से निरीक्षण के नाम पर आती है, कुछ तस्वीरें खींचती है, दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाती है और बिना वास्तविक निरीक्षण के चली जाती है।

#### नहीं होती साफ-सफाई

वार्ड वासियों का कहना है कि नगर के नालियों की हालत काफी दयनीय है। साफ-सफाई कराने की मांग को लेकर कई बार शिकायत की परंतु कोई भी अधिकारी या सफाई कर्मचारी साफ सफाई को लेकर गंभीर नहीं है। गलियों में नालियों की सफाई पूरी तरह ठप है। कई स्थानों पर नालियां टूटी पड़ी हैं या कचरे से अटे हुए है। इस गंदगी से न केवल आमजन त्रस्त हैं, बल्कि बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। मच्छरों और दुर्गंध की वजह से बुखार, डेंगू व त्वचा संबंधी रोग फैलने की आशंका बढ़ गई है।

#### बीमारी का खतरा

इस भीषण गर्मी में जहां कई तरह की बीमारियों का खतरा मंडराने लगता हे। नगर मुख्य मार्ग सहित रहवासी क्षेत्र की नालियों के बजबजाने तथा हर समय दुर्गंध होने से लोगों का बीमार पड़ने का खतरा बढ़ गया है। इस क्षेत्र की मुख्य नालियों की साफ-सफाई वर्षों से नहीं हुई है। अब नाली का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर बहने लगा है, जिससे हर समय कीचड़, गंदगी और बदबू बनी रहती है। स्थानीय दुकानदारों, व्यवसायियों और आवासीय लोगों को दिन-रात इस गंदगी से जूझना पड़ रहा है। नगर पंचायत प्रशासन की लापरवाही के कारण बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

#### जानकारी लेती हूं

नगर में कहा-कहा साफ-सफाई नियमित नहीं होती है और नालियों की सफाई हुआ है या नहीं इसकी जानकारी लेती हूं। जल्द ही इस समस्या को दूर कराई जाएगी।

यूसीप्रिया एक्का
नगर पंचायत सीएमओ



## सूरजपुर संघ को छग हॉकी से मिली संबद्धता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

हॉकी छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी के नगर आगमन पर सूरजपुर हॉकी संघ के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।वे हॉकी सूरजपुर की वार्षिक बैठक की अध्यक्षता करने यहां पहुंचे थे।यहाँ पर अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने सूरजपुर हॉकी संघ को छत्तीसगढ़ हॉकी से संबद्धता का प्रमाण पत्र प्रदान किया।

- हॉकी छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष ने नगर आगमन के दौरान सम्बद्धता का प्रमाण पत्र प्रदान किया

गौरतलब है कि हॉकी सूरजपुर संघ लंबे समय से हॉकी छत्तीसगढ़ से संबद्धता के लिए प्रसायरत था।बैठक में सर्वसम्मति से हॉकी सूरजपुर का संरक्षक अनुपम फिलिप को मनोनित किया गया।बैठक में सरगुजा संभाग स्तरीय महिला एवं पुरुष हॉकी प्रतियोगिता में जिले की भागीदारी और जिम्मेदारी पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान हॉकी छत्तीसगढ़ अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने कहा कि संबद्धता से खिलाड़ियों को देश-विदेश में मंच मिलेगा और वे सीधे हॉकी इंडिया से जुड़ सकेंगे। हॉकी स्टेडियम के निर्माण, रख-रखाव, खेल सामग्री सहित अन्य मैदानी, तकनीकी और वित्तीय सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इस दौरान संबद्धता से जुड़े सख्त नियम और संचालन के विषय में भी जानकारी प्रदान की गई।सूरजपुर हॉकी संघ के अध्यक्ष एंथ्रेक्स एक्का ने कहा कि आज जिले में हॉकी के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है।संबद्धता मिलने से खिलाड़ियों में अपने सुनहरे भविष्य को लेकर विश्वास उत्पन्न हुआ है।हम राष्ट्रीय खेल हॉकी को जिले में भी गरिमापूर्ण बनाने को लेकर प्रतिबद्ध है। हॉकी सूरजपुर के सचिव नार्बट तिर्की ने बताया कि बच्चों के लिए निःशुल्क हॉकी समर कैंप लगाया जाएगा। शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर के समीप एसईसीएल हॉकी ग्राउंड में प्रातः अभ्यास प्रारंभ कर दिया गया है। इस दौरान संरक्षक अनुपम फिलिप, अध्यक्ष एंथ्रेक्स एक्का, नार्बट तिर्की, दीपक खाखा, पूर्व खिलाड़ी मेहताब आलम, प्रभात रंजन सिन्हा, वीरेंद्र मिश्रा, क्रिकेट संघ के सुरेशन स्वाईं, शशि नान्हू, कमल मंडल, सज्जी उमर, फुटबॉल संघ के रामबहादुर लामा, रामधारी राजवाड़े, भुवन रजक, नरेश तिर्की, हाबिल लकड़ा, राजेश मिंज, स्टीफन कुजूर, सुनील मिंज, संदीप कुमार, अनीश कुमार, डेनिश मिंज, विशाल मिंज सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सरपंच-सचिव ने हड़प ली सीसी सड़क निर्माण की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

ग्रामीण क्षेत्रों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों को निचले स्तर पर अधिकारी-कर्मचारियों के साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा पलीता लगाया जा रहा है। आलम यह है कि शासन द्वारा जारी राशि का बन्दर बांट कर लिया जा रहा है और आज भी ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहे है।

- स्वीकृति के बाद राशि आहरित लेकिन नहीं हुआ काम, ग्रामीणों में आक्रोश



एक बार फिर ग्राम पंचायत भुशु के पूर्व सरपंच व सचिव पर सीसी सड़क निर्माण की राशि हड़पने का आरोप लगा है। शासन द्वारा जारी राशि निकाल ली गई लेकिन निर्माण कार्य नहीं किया गया जिससे ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने सरपंच सचिव के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत भुशु में पूर्व सरपंच राम भगत लकड़ा व सचिव सुरेन्द्र टोप्पो द्वारा सीसी सड़क निर्माण के नाम पर लाखों रूपए की राशि आहरित कर ली गई। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त राशि से शिव मन्दिर तक सीसी सड़क का निर्माण कराया जाना था। निर्माण हेतु राशि जारी की गई थी लेकिन एक साल बाद भी सड़क का निर्माण नहीं कराया गया जिससे ग्रामीणों में रोष का माहौल है। उन्होंने तात्कालिक सरपंच रामभगत लकड़ा एवं सचिव सुरेंद्र टोप्पो पर निर्माण कार्य की राशि गबन करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है बारिश के दिनों में कीचड़ से बचने के लिए शिवमंदिर पहुंच मार्ग में सीसी रोड का निर्माण जरूरी था लेकिन तात्कालिक सरपंच सचिव ने मिलकर इसका भी बंटाधार कर दिया। सालों पूर्व निर्माण कार्य के नाम पर राशि आहरण करने के बाद बिना सीसी रोड बनाये राशि का गबन कर लिया। इस संबंध में ग्रामीणों ने तात्कालिक सरपंच रामभगत लकड़ा एवं मौजूदा सचिव सुरेंद्र टोप्पो के विरुद्ध जांच एवं कार्यवाही की मांग की है। इसके अलावा ग्रामीणों ने अधिकारियों से सीसी रोड पूर्ण कराने की मांग की है ताकि बारिश के दिनों में मंदिर आने जाने में होने वाली परेशानी से छुटकारा मिल सके। इस संबंध में सीईओ एसके मरकाम ने जांच कराने की बात कही है। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

### गिरने से गंभीर वृद्ध की गई जान

**अम्बिकापुर।** घर में गिरने से गंभीर हुए वृद्ध की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार प्रेम नगर थाना अंतर्गत ग्राम बलदेव नगर निवासी कुवंर साय आ. स्व. दलेल साय (71 वर्ष) 10 मई की सुबह घर में अचानक गिर गया। परिजन वृद्ध को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वृद्ध की संदिग्ध हालत में मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।




### केंद्रीय कृषि मंत्री की आमसभा को लेकर बनी रणनीति

**बिश्रामपुर।** भाजपा मंडल बिश्रामपुर की बैठक सोमवार को सम्पन्न हुई, जिसमें संगठन की आगामी रणनीतियों पर विचार-विमर्श करते हुए कई निर्णय लिए गए।

बैठक का प्रमुख आकर्षण आज मंगलवार 13 मई को अंबिकापुर के पीजी कॉलेज मैदान में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की आमसभा के सफल आयोजन के लिए व्यापक जनसंपर्क व आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने की रूपरेखा बनाई गई।बैठक में सिर्फ सभा की रणनीति तक सीमित न रहकर संगठन ने वन नेशन, वन इलेक्शन और वक्फ संशोधन अधिनियम जैसे राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर जनजागरण अभियान चलाने का संकल्प लिया गया, तिरंगा यात्रा के आयोजन के साथ-साथ घर-घर दस्तक देने की योजना पर भी चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कैलाश सिरदार ने की, जिन्होंने अपने स्वागत भाषण में कार्यकर्ताओं से संगठन की एकजुटता को बनाए रखते हुए जनहित के मुद्दों पर संघर्षशील बने रहने की अपील की। मंच संचालन सूरज कुमार सेठी द्वारा किया गया



जबकि आभार प्रदर्शन मंडल उपाध्यक्ष कृष्णा गुप्ता ने किया।बैठक में अतिथि के रूप से पूर्व जिला पंचायत सदस्य सत्यनारायण जायसवाल, भाजपा जिला मंत्री श्याम पांडेय एवं नगर पंचायत अध्यक्ष निर्मला यादव उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने उद्बोधन में संगठन की भूमिका, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और आमसभा की सफलता को लेकर विचार साझा किए।बैठक में भाजपा के बाबूलाल यादव, मोहनी झा, रविशंकर बउवा, राजेंद्र पासवान, अर्चना लकड़ा, दीनानाथ यादव, कृति दुबे, राजेश राजवाड़े, महेंद्र ठाकुर, दीपक दुबे, लवन राजवाड़े, ज्योति सिंह, शंकर यादव, अंकित चौहान, अलंकार नायक सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।







### एनीकट निर्माण का विधायक ने किया भूमि पूजन

**डांड़गांव।** विकासखंड उदयपुर के झिरमिट्टी उद्यान के समीप खरफरी नाला में जल संसाधन द्वारा 285. 55 लाख के लागत से निर्माण होने वाले एनीकट निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधायक राजेश अग्रवाल ने किया। लम्बे समय से ग्राम वासियों द्वारा एनीकट निर्माण कार्य की मांग की जा रही थी। विधायक के पहल से वर्षो पुरानी मांग पुरी होने से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। एनीकट निर्माण से सैकड़ों किसानों को काफी फायदा होगा। गौरतलब है कि उदयपुर क्षेत्र के लोगों द्वारा झिरमिटी खरफरी नाला में एनीकट निर्माण को लेकर लंबे समय से मांग की जा रही थी। विधायक राजेश अग्रवाल के पहल से झिरमिट्टी उद्यान के पास खरफरी नाला में एनीकट निर्माण हेतु 285.55 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान हुई। एनीकट स्वीकृति मिलने उपरांत सोमवार को विधायक राजेश अग्रवाल ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ निर्माण स्थल पर पहुंच एनीकट निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया है। खरीफरी नाला में एनीकट निर्माण कार्य होने से क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिलेगा।








## खबर संक्षेप

### पटवारियों की समस्याओं का हो निराकरण, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** राजस्व पटवारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने प्रवास पर पहुंचे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी को ज्ञापन सौंप पटवारियों की समस्याओं का निराकरण करने की मांग की है। संघ ने प्रत्येक हल्के में पटवारी कार्यालय खोलने, पटवारियों की सेवा पुस्तिका एवं पासबुक को हर महीने अद्यतन करने, अनुकंपा नियुक्ति एवं बजट के कारण एक वर्ष से लंबित मेडिकल बिल का निराकरण करने चयनित पटवारियों को राजस्व निरीक्षक पद पर पदोन्नति आदेश जारी करने, आवश्यक संसाधन एवं भत्ता प्रदान करने की मांग की। पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीकांत चौबे ने बताया कि संघ ने पूर्व में संसाधन, कम्प्यूटर, नेट भत्ता एवं आवास की मांग लेकर आंदोलित किया था लेकिन अब तक मांगों को पूरा नहीं किया गया है। मांगों के शीघ्र पूरा नहीं होने पर संगठन पुनः अनिश्चितकालीन हड़ताल करेगी। इस दौरान श्रीकांत चौबे, संतोष अग्रवाल, शंभु गुप्ता, भ्रमर प्रधान, अनिल टोप्पो, अरविंद सोनवानी, अशोक शुक्ला, शैलेन्द्र कुमार सहित अन्य पटवारी उपस्थित थे।

### रजनी बनी भाजपा मंडल महामंत्री

**बलरामपुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा जिले में मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में भाजपा जिलाध्यक्ष



ओमप्रकाश जायसवाल द्वारा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव व संगठन महामंत्री पवन साय की अनुशंसा पर बलरामपुर मंडल के महामंत्री के रूप में श्रीमती रजनी सोनी की नियुक्ति की गई। बता दें कि रजनी सोनी पूर्व में भी कई महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी निभा चुकी है इसलिए भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने इन पर विश्वास जताते हुए मंडल महामंत्री की जिम्मेदारी दी है। इस दौरान श्रीमती सोनी ने कहा कि भाजपा ने मुझ पर जो विश्वास किया उसमें खरे उतरने की पूरी प्रयास करूंगी।

### शिक्षक फेडरेशन के कमलेश प्रांतीय महामंत्री नियुक्त

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन



की आम सभा में प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी ने शासकीय पॉलीटेक्निक के कनिष्ठ प्रशिक्षक कमलेश सोनी को संगठन का प्रांतीय महामंत्री नियुक्त किया है। कर्मचारी नेता कमलेश सोनी लम्बे समय से फेडरेशन से जुड़े हुए है।

### कुन्नी मंडल में एक राष्ट्र, एक चुनाव को लेकर बैठक



**लखनपुर।** सोमवार को कुन्नी भाजपा मंडल द्वारा बैठक के दौरान एक राष्ट्र, एक चुनाव को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान जन प्रतिनिधियों ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव केवल एक नारा नहीं, बल्कि भारत को आर्थिक, प्रशासनिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ठोस संकल्प है। बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा की गई। इस दौरान जनपद अध्यक्ष शशिकला सिंह, विक्रम सिंह, राधे ठाकुर, अजीत सिंह सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बीती रात पुरुषोत्तमपुर बस्ती में पहुंचा था दंतैल

# हाथी के हमले में गंभीर ग्रामीण इलाज के दौरान गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/रामानुजगंज

बीती रात वन परिक्षेत्र रामानुजगंज अंतर्गत ग्राम पुरूषोत्तमपुर में एक ग्रामीण का दंतैल से सामना हो गया। दंतैल ने ग्रामीण को अपनी सूंड में लपेटकर पटक दिया जिससे वन गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे वन अमले ने घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान तड़के 3 बजे उसकी मौत हो गई।

**खास बात**

- मक्के के खेत से खदेड़ने के दौरान किया था ग्रामीण पर हमला



मृतिक के परिजनं को सहायता राशि देते वन अधिकारी।

सरगुजा में हाथियों के हमले में ग्रामीणों की मौत होने का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। वन अमला लगातार हाथियों की निगरानी करने एवं मुनादी करा प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को जागरूक करने का दावा कर रहा है इसके बावजूद लगातार हाथियों के हमले में ग्रामीणों की मौत हो रही है। हाथियों की आवाजाही की दृष्टि से सुरक्षित माने जाने वाला वन परिक्षेत्र रामानुजगंज में सीमावर्ती झारखण्ड की आवाजाही होने के कारण आए दिन हमले में ग्रामीणों की मौत हो रही है। बताया जा रहा है कि शनिवार को झारखण्ड से पहुंचा एक दंतैल छतवा जंगल में भ्रमण कर रहा था। सूचना पर वन अमला आसपास के गांवों में मुनादी करा ग्रामीणों को दंतैल के मौजूदगी की सूचना दी थी साथ ही जंगल की ओर नहीं जाने की हिदायत दी थी। इस बीच हाथी कनहर नदी पार कर झारखण्ड चला गया। झारखण्ड के सीमावर्ती जंगल में कुछ समय गुजारने के बाद दंतैल वापस लौट आया तथा रविवार की मध्य रात्रि पुरूषोत्तमपुर बस्ती में घुस गया। मध्यरात्रि पुरूषोत्तमपुर निवासी सुरेश सिंह पिता राम प्रसाद (48 वर्ष) अपने घर में सोया था। रात्रि 1 बजे घर से सटे मक्के खेत में किसी मवेशी के चलने, मक्के के पौधों के टूटने की आवाज सुनकर सुरेश सिंह की नींद खुली। वह खेत में भैंस घुसने की संभावना पर उसे खदेड़ने के लिए शोर मचाने लगा। अंधेरे के कारण उसे दंतैल नजर नहीं आया जबकि दंतैल ने उसे सुंड मे लपेटकर पटक दिया तथा जंगल की ओर चला गया। हमले में सुरेश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे वन अमला व ग्रामीणों ने उसे तत्काल 100 बिस्तर अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान तड़के 3 बजे उसकी मौत हो गई। वन परिक्षेत्राधिकारी संतोष पाण्डेय ने पीएम उपरांत शव परिजन को सौंपा तथा 25 हजार की तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की।

**नहीं मिलती सूचना**

झारखण्ड से सटे होने के कारण कभी भी सीमावर्ती जंगल से हाथी रामानुजगंज जंगल में पहुंच जाते हैं। लोनर हाथी अधिक क्षति पहुंचाते हैं जिसके कारण सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीण गुलेल से हाथियों पर हमला कर उन्हें रामानुजगंज की ओर खदेड़ते हैं। आक्रोशित लोनर हाथी ग्रामीण क्षेत्रों में तबाही मचाने के बाद ग्रामीणों पर हमला कर देते हैं। हाथियों का लेकर झारखण्ड का वन अमला ध्यान नहीं देता जिसके कारण हमेंशा हाथियों की आवाजाही बनी रहती है। झारखण्ड के वन अधिकारी सीमावर्ती क्षेत्र के वन अधिकारियों को हाथियों के आवाजाही की सूचना तक नहीं देते। सूचना के अभाव में इस तरह की दुर्घटनाएं अधिक होती है। हाथियों के गतिविधि की जानकारी लेने रामानुजगंज के वनकर्मी सीमावर्ती जंगल की भी निगरानी करते हैं इसके बावजूद हाथियों की पूरी सूचना नहीं मिल पाती।

**दी गई है सहायता राशि**

दंतैल झारखण्ड जाने के बाद रात में वापस लौट आया था। वन अमला हाथियों की लगातार निगरानी कर रहा है। मृतक के परिजन को 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की गई है।

-संतोष पाण्डेय
रेंजर, रामानुजगंज

## सूने मकान में चोरी करने वाले दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**सूरजपुर।** सूने मकान का ताला तोड़ लगभग पांच लाख कीमत की जेवरात चोरी के मामले में पुलिस को न सिर्फ बड़ी सफलता हाथ लगी बल्कि पुलिस ने चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की गई शत प्रतिशत सामान को बरामद किया है। आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

- पुलिस ने बरामद की चोरी के जेवर

पुलिस के मुताबिक 11 मई को रामानुजनगर निवासी वैभव माहेश्वरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि था कि परिवार के साथ निजी कार्य से घर में ताला लगाकर 6 मई की शाम लखनऊ गया था। 11 मई की सुबह लखनऊ से वापस आया और घर के अंदर गया तो देखा पीछे के दरवाजा का ताला टुटा है और कमरे में सामान बिखरे हुए थे। घर के सामान की जांच की तो पता चला की घर में रखे पांच लाख कीमत के सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305, 331(3) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस टीम ने विवेचना के दौरान घर की आलमारी के लॉकर का जायजा लेने पर सोने का चैन घर में ही होना तथा अन्य सोने-चांदी के जेवर चोरी होना पाया। विवेचना की कड़ी में चोरी के मामले में पूर्व में चालान हो चुके



आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ की गई। इसी बीच संदेही रामानुजनगर निवासी शिवप्रसाद साहू उर्फ तन्नू व मिथलेश पाण्डेय उर्फ रवि को संदेह के आधार पर पकड़ा। पूछताछ पर दोनों ने बताया कि 9 मई की रात घर के पीछे का दरवाजा को तोड़कर प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर को चोरी कर आपस में बांट लिए थे। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी का शत-प्रतिशत सामान बरामद किया। जिसमें 1 नग चांदी जैसे धातु का मंदिर, सोने जैसे धातु का 2 नग बाली, 3 नग सोने का नाक का फुल्ली, 2 नग टूटा हुआ सोने कान का चैन, 2 नग चांदी जैसे धातु का तुलसी पौधा, 5 नग चांदी धातु का पायल, 6 नग चांदी का कड़ा, 1 नग चांदी का छल्ला, 3 नग चांदी का सिक्का, 7 नग चांदी बिछिया, 1 नग चांदी का मूकुटनूमा मूर्ति का हिस्सा बरामत किया। पुलिस ने आरोपी शिवप्रसाद साहू उर्फ तन्नू साहू आ. स्व. मानिकचंद साहू (20 वर्ष) एवं मिथलेश पाण्डेय उर्फ रवि आ. नर्मदा प्रसाद पाण्डेय (20 वर्ष) के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

# युक्तियुक्तकरण के पूर्व हो शिक्षकों की पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासकीय विद्यालयों एवं उनमें कार्यरत शिक्षकों को युक्तियुक्त करण के निर्देश का छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने कड़ा विरोध किया है। जिलाध्यक्ष संदीप कुमार पाण्डेय ने बताया कि युक्तियुक्त करण से राज्य की शिक्षा व्यवस्था चरमरा जाएगी तथा प्राथमिक एंव पूर्व माध्यमिक शालाएं केवल मध्याह्न भोजन परोसने के लिए रह जाएंगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2008 के सेटअप के अनुसार शालाओं में शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। वर्तमान में प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक व दो शिक्षक तथा पूर्व माध्यामिक शाला में प्रधान पाठक व चार शिक्षक के पद स्वीकृत है। युक्तियुक्त करण में शिक्षक के 1-1 पद करने के निर्देश दिए गए हैं जिससे अध्यापन पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। शालाओं के बंद होने से अध्ययन त्यागी एवं शाला त्यागी बच्चों की संख्या में वृद्धि होगी तथा शिक्षकों की नियुक्ति एवं पदोन्नति की संभावना खत्म हो जाएगी। सेटअप में छेड़छाड़ कर शिक्षकों को अतिशेष करना गलत है। सरगुजा एवं बस्तर संभाग की शालाओं में वर्ष 2023 में नई नियुक्तियां की गई है। इन शिक्षकों को अतिशेष बताकर निकालना न्याय संगत नहीं है। उन्होंने युक्तियुक्तकरण के पूर्व लंबित पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण करने, पूर्व में स्वीकृत सेटअप के अनुसार युक्तियुक्त करने एवं मिडिल स्कूल में कार्यभार ग्रहण के आधार पर अतिशेष का चिन्हांकन करने की मांग की है।

## सियान सदन में छग पेंशनर समाज की बैठक

**अम्बिकापुर।** स्थानीय सियान सदन भवन में शनिवार की शाम छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज जिला इकाई की मासिक बैठक हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पेंशनरों को 53 प्रतिशत महंगाई राहत के आदेश जारी नहीं किए जाने पर दुख व्यक्त किया गया। जबकि मध्य प्रदेश के पेंशनरों को आदेश जारी हो गया है। अतः इसके लिए शासन को पत्र लिखने का प्रस्ताव दिया गया। बैठक पश्चात भारत और पाकिस्तान के मध्य हुए युद्ध के दौरान भारतीय सेना की अद्भुत शौर्य और पराक्रम की सराहना की गई। साथ ही अन्य स्थानीय मुद्दों का निराकृत कार्रवाई सुनिश्चित की गई। बैठक में दस नवप्रवेशी सदस्यों का स्वागत किया गया। इस बैठक में 35 से 40 पेंशनर्स गण उपस्थित रहे।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## एनएसयूआई ने कृषि विवि खोलने सौंपा केन्द्रीय मंत्री के नाम ज्ञापन



**अंबिकापुर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की सरगुजा इकाई ने जिलाध्यक्ष आशीष जायसवाल के नेतृत्व में केंद्रीय कृषी मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंप सरगुजा जिले में कृषी विश्वविद्यालय के स्थापना की मांग की है। केंद्रीय कृषि मंत्री के अंबिकापुर आगमन के 1 दिन पूर्व सौपे गए इस ज्ञापन में आदिवासी बहुल कृषि प्रधान सरगुजा संभाग के लिए इसे समय की जरूरत बताया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री जायसवाल ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना से सरगुजा क्षेत्र की परंपरागत खेती विधि में नवाचार आने से खेती का नया मॉडल बनेगा। क्षेत्र की कृषि उन्मुखी अर्थव्यवस्था को नए अनुसंधान का लाभ प्राप्त होगा साथ ही फसलों की विद्यमान स्थानीय प्रजाति के अधिक उपज का मार्ग प्रशस्त होगा। इन कदमों से क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा होंगे और पलायन रुकेगा। इस दौरान एनएसयूआई के सदस्य राधे अग्रवाल, अभिषेक सोनी, अतुल यादव, सुशील कसेरा, संचर नवाज़, अंकित जायसवाल, आयुष जायसवाल आदि भी मौजूद थे।






# एक राष्ट्र, एक चुनाव पर परसा मंडल में संगोष्ठी

**अम्बिकापुर।** भाजपा मंडल परसा द्वारा एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन रविवार को ग्राम केपी के मंदिर प्रांगण में किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह विजन देश को नई दिशा देगा। बार-बार होने वाले चुनावों से बचकर हम अधिक संसाधनों का उपयोग देश और गांवों के विकास में कर सकेंगे। यह केवल एक राजनीतिक सुधार नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की ओर एक ऐतिहासिक और आवश्यक कदम है। एक राष्ट्र, एक चुनाव आज केवल चर्चा का विषय नहीं, बल्कि भारत की अपरिहार्य आवश्यकता बन चुकी है। जिला मंत्री विजय व्यापारी ने कहा कि इससे न केवल चुनावों में धन की बर्बादी रूकेगी, बल्कि हर चुनाव हारने के बाद दूसरी जगह चुनाव लड़ने की प्रवृत्ति पर भी अंकुश लगेगा। इससे स्थानीय लोगों को चुनाव में भागीदारी का अधिक अवसर मिलेगा। महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती अनामिका पैंकरा ने कहा कि एक साथ चुनाव होने से प्रशासनिक मशीनरी पर बोझ कम होगा और विकास कार्यों में रफ्तार आएगी। मंडल अध्यक्ष संतोष जायसवाल ने कहा कि यह प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता का परिणाम है कि आज इस गंभीर विषय पर गांव-गांव में आम सहमति बनाने हेतु संगोष्ठियां आयोजित कर ग्राम सभाओं से प्रस्ताव पारित करने का आग्रह किया जा रहा है। संगोष्ठी को मंडल संयोजक सुनील यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन बसंत गिरी एवं आभार प्रदर्शन रूपा गुप्ता ने किया। इस दौरान दिनेश कुमार नागेश, सरपंच गंगाराम गिरी, पंचम राम, अजय गुप्ता, साधना सरकार, नंदिनी सिंह, राहुल सिंह, धर्मेंद्र जायसवाल, समीर मंडल सहित बड़ी संख्या में समाज प्रमुख उपस्थित थे।




नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।